केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*

**"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.**


**केमाशिबो /शैक्षणिक/अपर निदेशक/अ एवं न./2015** **दिनांक 8 मई, 2015**

**परिपत्र संख्या-शैक्षणिक. 19/2015**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**सीबीएसई – क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड कॉन्टेस्ट 2015 [सीसीसीसी 2015]**

वर्गपहेली विद्यार्थियों की शब्दावली, तर्कपूर्ण तथा पार्श्व चिंतन और विश्लेषणात्मक क्षमता को बढ़ाती है तथा साथ ही दिए गए सुरागों के द्वारा गूढ़ रहस्यों के समाधान से युवा मस्तिष्क में अनुमान लगाना, विकल्पों का मूल्यांकन करना और निष्कर्ष निकालना जैसे संज्ञानात्मक कौशलों के विकास में सहायता करती है | सीखना तब और भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है , जब दिमाग के विभिन्न भागों /संकायों का प्रयोग किया जाता है | सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इन वर्ग पहेलियों को सुलझाने से एक व्यक्तिगत उपलब्धि की भावना का विकास होता है जो व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है | वर्ग पहेली प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक अत्यंत रोचक एवं प्रभावी शिक्षण का साधन भी है |



- ✓ तार्किक शक्ति का विकास |
- ✓ शाब्दिक ज्ञान का विकास |
- ✓ स्मरण शक्ति का विकास |
- ✓ समस्या समाधान कौशल को प्रोत्साहन|
- ✓ तीक्ष्ण एकाग्रता |
- ✓ पार्श्व एवं रचनात्मक चिंतन का विकास |
- ✓ उपलब्धि एवं संतोष की भावना का विकास |

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा IX से XII में पढ़ रहे छात्रों के लिए सीसीसीसी प्रतियोगिता ,2015 का आयोजन सीबीएसई चुनौती की एक पहल है, जिसे Extra-C द्वारा समन्वित किया गया है | यह प्रतियोगिता दो चरणों में संचालित होगी:

- नगरीय चरण - मई – सितम्बर, 2015 के दौरान चुने हुए नगरों में संलग्नक -1 में संकलित कैलेंडर के अनुसार अंतरविद्यालय प्रतियोगिता □निर्दिष्ट नगरों के आस-पास के स्थानीय विद्यालय भी इस चरण में भाग ले सकते हैं| दो विद्यार्थियों की टीम दी गई वर्ग पहेली को 60 मिनट में सुलझाएगी | प्रथम तथा द्वितीय स्थान पाने वालों को पुरस्कार तथा अनुशंसा पत्र प्रदान किये जाएँगे |

**राष्ट्रीय स्तर :** दिसंबर, 2015 को नयी दिल्ली में दो दिवसीय कार्यक्रम

- **क्वार्टर फाइनल :** प्रतिभागी दल एक लिखित वर्ग पहेली को 60 मिनट में सुलझाएंगे | सबसे ऊपर के सोलह दल सेमी फाइनल में हिस्सा लेने के योग्य ठहराए जाएँगे |
- **सेमी फाइनल :** 16 जीती हुई टीमें चार अलग-अलग प्रकार की पॉवर प्वाइंट आधारित वर्ग पहेली को स्टेज पर 60 मिनटों में सुलाझाएंगी |
- **निर्णायक प्रतियोगिता**: प्रत्येक सेमी फाइनल के श्रेष्ठ दल मंच पर निर्णायक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे |
- विजेता और उपविजेता को ट्राफी और प्रमाणपत्र देय होंगे |

(i) राष्ट्रीय विजेता : प्रत्येक को रु. 25,000/- के पुरस्कार, ट्राफी एवं प्रमाणपत्र |

(ii) राष्ट्रीय उपविजेता : प्रत्येक को रु. 15,000/- के पुरस्कार, ट्राफी एवं प्रमाणपत्र |

(iii) राष्ट्रीय स्तर के अंतिम प्रतियोगी (तृतीय एवं चतुर्थ ): प्रत्येक को रु. 10,000/- के पुरस्कार, ट्राफी एवं प्रमाणपत्र |

(iv) स्थानीय चरण के विजेता : ट्राफी एवं प्रमाणपत्र |

**सामान्य सूचना :**

- ✓ विजेता और उपविजेता पुरस्कार के पात्र होंगे तथा सभी प्रतिभागी प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे |
- ✓ सीबीएसई-क्रिप्टिक क्रास वर्ड प्रतियोगिता वर्ग के प्रतिरूप के नमूने दी गई वेबसाइट www.crypticsingh.com पर उपलब्ध हैं|
- ✓ प्रतियोगिता के विभिन्न स्तरों की अद्यतन जानकारी के लिए कृपया उपलब्ध कराई गई वेबसाइट www.cbseacademic.in पर संपर्क करें |
- ✓ राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचने वाली टीम में दो विद्यार्थियों एवं एक विद्यालय अनुरक्षक को द्वितीय श्रेणी का रेलवे किराया दिया जाएगा |
- ✓ विद्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे इस चुनौती भरी प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें|

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें –

श्री संदीप सेठी, शिक्षा अधिकारी , फोन नं. 011-23217128 अथवा ई मेल करें ; eo_ss@cbsesacademic.in

~

**हस्ताक्षरित /-**

**सुगंध शर्मा**

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार )**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18- **इन्स्टिट्यूशनल** एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 सभी क्षेत्रीय निदेशक। के.मा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति भेजने के अनुरोध के साथ।
11 सभी एसोसिएट प्रोफेसर एवं अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
12 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सह-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
13 के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर इस परिपत्र को अपलोड करने के अनुरोध के साथ अनुसंधान अधिकारी (तकनीकी)
14 सभी सहायक प्रोफेसर एवं अपर निदेशक, के.मा.शि.बो.
15 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
16 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
17 असिस्टेंट लाइब्रेरियन, के.मा.शि.बो.
18 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
19 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
20 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
21 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
22 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के अनुभाग अधिकारी
23 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव

24 प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार), के.मा.शि.बो. के निजी सहायक
25 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक
26 निदेशक (एडुसैट) के निजी सहायक

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**सीसीसीसी – 2015 नगरीय दौर वर्णन**

| **दिनांक** | **शहर** |
|---|---|
| 26-06-2015 | राँची |
| 30-06-2015 | जमशेदपुर और भागलपुर |
| 03-07-2015 | गया और गुवाहाटी |
| 06-07-2015 | बोकारो और कोलकाता |
| 09-07-2015 | पटना और भुवनेश्वर |
| 14-07-2015 | वाराणसी |
| 16-07-2015 | लखनऊ |
| 21-07-2015 | भोपाल |
| 23-07-2015 | इंदौर |
| 27-07-2015 | दिल्ली |
| 28-07-2015 | गुड़गॉव |
| 29-07-2015 | गाज़ियाबाद |
| 30-07-2015 | नोएडा |
| 01-08-2015 | जयपुर |
| 03-08-2015 | कोटा |
| 05-08-2015 | लुधियाना |
| 07-08-2015 | जम्मू |
| 11-08-2015 | हैदराबाद |
| 13-08-2015 | चेन्नई |
| 17-08-2015 | बैंगलुरू |
| 19-08-2015 | कोयम्बटूर |
| 21-08-2015 | कोच्चि |
| 25-08-2015 | पुणे |
| 27-08-2015 | मुंबई |
| 27-08-2015 | नवीं मुंबई |
| 01-09-2015 | सूरत |
| 02-09-2015 | वडोदरा |
| 04-09-2015 | अहमदाबाद |
| **पर्वतीय स्थल दौर** | |
| 29-05-15 | शिमला |
| 10-06-2015 | श्रीनगर |